दिनांक 17.05.2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# बारिश पूर्व निगम क्षेत्र के बड़े नालों की हो रही है सफाई, ताकि बारिश में जल प्रवाह न हो अवरुद्ध

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत गुजरने वाले बड़े नालों की सघन स्तर पर सफाई कराई जा रही है ताकि बारिश होने पर जल का प्रवाह तीव्र गति से बना रहे एवं जलजमाव व जलभराव की स्थिति न बने। इसकी शुरुआत 2 महीने पूर्व से की जा चुकी है, खुर्सीपार क्षेत्र के अंतर्गत बीएसपी की ओर से बहने वाले नाला की सफाई कराई गई है! बड़े नाले की सफाई के लिए चैन माउंटेन तथा जेसीबी का भी सहारा लिया जा रहा है, तो वही छोटे नालों की मैनुवली सफाई कर नाली से सभी प्रकार के कचड़े व मलबे को निकालकर साफ किया जा रहा है। इंदू आईटी के सामने संकरे नाला का चौड़ीकरण करने और सफाई कार्य का निरीक्षण करने आज निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जोन 01 आयुक्त सुनील अग्रहरि ने निरीक्षण किया और सफाई अमले को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नाला से कंटीली झाड़ियों के सफाई कार्य को कुटेलाभाठा तक करने कहा ताकि अधिक बारिश होने पर जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। उल्लेखनीय है कि इंदु आईटी के पास के नाले की विगत कई दिनों से सफाई कराई जा रही है, कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाकर सफाई की गई है! ऐसे क्षेत्र जहां पर जलजमाव की स्थिति बन सकती है उन इलाकों के छोटे नालियों को व्यवस्थित करने का कार्य जोन स्तर पर किया जा रहा है। बड़े नालों की सफाई का निरीक्षण के लिए पहूंचे नेहरू नगर जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि ने बताया कि नाला का सघन तौर पर सफाई किया जा रहा है। जहां आवश्यकता पड़ रही है वहां पर चैन माउंटेन के जरिये बड़े नाला के किनारे पटे हूए मलबे की खुदाई कर साफ किया जा रहा है, इससे नाला का चौड़ीकरण भी हो रहा है, जिससे बारिश के समय में पानी बिना कोई अवरोध के प्रवाहित हो सकेगा और जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं होगी। नाला की सफाई के दौरान मलबा निकालने का कार्य किया जा रहा है। नाला में कंटीली झाड़ियों व लंबे समय से पटे हूए मलबे की सफाई की जा रही है। इसी प्रकार जोन में छोटे , बड़े नालियों की सफाई का कार्य जारी है, जहां निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी कंटीली झाड़ियां , झिल्ली, पन्नी व अन्य कचरे को निकाल कर सफाई कर रहे है।